अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , गुरुवार, 19 मार्च 2026

PAGE NO : IV MIDDLE

एसआरएमएस में आज से होगा दो दिवसीय आमोद का आरंभ

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव आमोद 2026 का शुभारंभ गुरुवार से होगा। प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन एसआरएमएस ट्रस्ट के अंतर्गत आने वाले विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों को एक मंच पर लाएगा। इनडोर एवं आउटडोर दोनों प्रकार के विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन होगा, जिसमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर एवं रिले दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, शतरंज, फुटबॉल, खो-खो, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, कैरम, कबड्डी जैसे खेल शामिल हैं।